# विक्टोरियाई सुपरकेयर फ़ार्मेसियां

Victorian Supercare Pharmacies - Hindi | हिन्दी

**OFFICIAL**

विक्टोरियाई सुपरकेयर फ़ार्मेसियों को काम के समय के बाद पेशेवर स्वास्थ्य देखभाल और सलाह तक पहुँच प्रदान करने के लिए विक्टोरियाई सरकार द्वारा समर्थन प्राप्त है।

सुपरकेयर फ़ार्मेसी:

- यह सप्ताह के सातों दिन, दिन में 24 घंटे खुली रहती है, जो सलाह देने, दवाओं की आपूर्ति और नुस्खे के वितरण के लिए फार्मासिस्ट तक पहुंच प्रदान करती  है।
- निजी परामर्श कक्ष का उपयोग करके सहज बीमारी और चोट के लिए प्रतिदिन शाम 6 बजे से रात 10 बजे के बीच निशुल्क नर्सिंग सेवा शामिल है।
- आपके समुदाय में यह अतिरिक्त सेवा प्रदान करने के लिए चयनित फ़ार्मेसी के नाम और ब्रांडिंग के तहत कार्य करती है। इन्हें सप्ताह के सातों दिन, 24 घंटे खुलने का सरकार द्वारा समर्थन प्राप्त है और आपकी मुलाकात के दौरान निजता सुनिश्चित करने के लिए नर्स के लिए एक समर्पित निजी परामर्श कक्ष है।
- आपकी निजता का सम्मान करती है। आपकी स्वास्थ्य जानकारी केवल आपकी सहमति से और आपके सामान्य चिकित्सक सहित बहुत विशिष्ट उद्देश्यों के लिए ही साझा की जाएगी।
- दुभाषिया सेवाओं तक पहुंच है।
- रात के समय साइट पर एक सुरक्षा गार्ड होता है और यदि स्थिति की आवश्यकता हो तो उपयुक्त आपातकालीन सेवाएं उपस्थित होंगी।
- मानक उपशामक देखभाल दवाओं का भंडारण होता है।

## सुपरकेयर फार्मासिस्ट

- सुपरकेयर फार्मासिस्ट स्व-उपचार के लिए काउंटर पर दवाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ नुस्खे के वितरण के लिए सप्ताह के सातों दिन 24 घंटे उपलब्ध रहता है।
- सुपरकेयर फार्मासिस्ट स्वास्थ्य संवर्धन, बीमारी की रोकथाम और दवाओं के उचित उपयोग के बारे में शिक्षा के साथ-साथ प्राथमिक स्वास्थ्य सलाह और सहायता भी प्रदान कर सकते हैं।

## सुपरकेयर नर्सिंग सेवा

- पंजीकृत नर्स हर रात 6 बजे से 10 बजे के बीच परामर्श के लिए उपलब्ध है।
- नर्स सहज स्वास्थ्य समस्याओं जैसे कि रैशेज, हेफीवर और कीड़े के काटने के लिए किसी का भी आकलन और इलाज करने में सक्षम हैं, और हल्की जलन, घाव और खरोंच का इलाज कर सकते हैं। वे रक्तचाप की जांच करने, टीकाकरण देने और जीवनशैली संबंधी सलाह और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देने में भी सक्षम होंगे।
- कुछ टीकाकरणों को प्रशासित करने के लिए नर्सें उपलब्ध हैं, जैसे काली खांसी और इन्फ्लूएंजा के टीके। वे डॉक्टर द्वारा निर्धारित टीकाकरण को भी प्रशासित करने में सक्षम हैं।
- सुपरकेयर फ़ार्मेसी में उपलब्ध नर्सें नुस्खे (प्रिस्क्रिप्शन) प्रदान करने में सक्षम नहीं हैं। यदि चिकित्सीय समीक्षा की आवश्यकता है, तो नर्सें अन्य उपयुक्त स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं का सुझाव देंगे।

- नियुक्ति की कोई आवश्यकता नहीं है। मरीजों को पहले आओ पहले पाओ के आधार पर देखा जाता है। यदि व्यक्ति की स्थिति को उच्च स्तर की देखभाल की आवश्यकता होती है, तो उन्हें अधिक उपयुक्त स्वास्थ्य सेवा के लिए निर्देशित किया जाता है।
- सुपरकेयर फ़ार्मेसी में नर्स को देखने के लिए कोई परामर्श शुल्क नहीं है। परामर्श के दौरान नर्स द्वारा उपयोग की जाने वाली चिकित्सा आपूर्ति भी निःशुल्क है। मरीज फार्मेसी से अतिरिक्त उत्पाद खरीदने का फैसला ले सकते हैं।
- आपके पास मेडीकेयर कार्ड होना आवश्यक नहीं है। यह सेवा सभी विक्टोरियाई लोगों और राज्य में आने वाले आगंतुकों के लिए उपलब्ध है।
- कुछ मामलों में, उपचार का सबसे उपयुक्त रूप एक सामान्य चिकित्सक से उपलब्ध हो सकता है। नर्सें सुझाव दे सकते/सकती हैं कि जीपी उपलब्ध होने पर आप अपने नियमित जीपी को मिलें। सुपरकेयर फ़ार्मेसी नर्स काम के समय के बाद, अन्य स्थानीय चिकित्सा सेवाओं का सुझाव दे सकते है, या अनुशंसा कर सकते है कि आप ईडी में जाएं। आपकी सहमति से, नर्स आपके जीपी के लिए इस बारे में विवरण के साथ एक लिखित सारांश प्रदान करेंगे कि आपने सुपरकेयर फ़ार्मेसी में क्यों आए थे/आई थी।

# स्थान

विक्टोरिया में बीस सुपरकेयर फ़ार्मेसी खुली हैं, जिनमें से छह रिज़नल क्षेत्रों में स्थित हैं:

- Ascot Vale - Ascot Vale Pharmacy, 67-69 Union Road, Ascot Vale, 9370 4146
- Ballarat - UFS Dispensaries, 717 Sturt Street, Ballarat, 5331 9811
- Balwyn - Balwyn Day and Night Pharmacy, 310-314 Whitehorse Rd, Balwyn, 9836 3245
- Bendigo - Bendigo UFS Pharmacies, Corner View and Barnard Streets, Bendigo, 5443 4610
- Coburg - Coburg Pharmacy 4 Less, 1 Louisa St, Coburg, 9386 6655
- Craigieburn - Chemist Discount Centre, 2A/340 Craigieburn Road, Craigieburn, 9308 4981
- Cranbourne North - Cranbourne North Chemist Warehouse, 180S William Thwaites Blvd, Cranbourne North, 8391 9509
- Curlewis - Curlewis Pharmacy 4 Less, 10-11/90 Centennial Blvd, Curlewis, 5251 6781
- Hoppers Crossing - Hoppers Crossing Chemist Warehouse, Shop 24-25, 428 Old Geelong Rd, Hoppers Crossing, 9931 0040
- Keilor East - Keilor East Chemist Warehouse, Lot 3 233 Milleara Rd, Keilor East, 9325 4660
- Keysborough - Parkmore Pharmacy 4 Less, Shop J01, 317 Cheltenham Rd, Keysborough, 9798 1936
- Melbourne - HealthSmart Pharmacy Victorian Comprehensive Cancer Centre, 311 Grattan St, Melbourne, 9045 9777
- Melton - Melton Chemist Warehouse, Unit 4 Melton Gateway, 66-84 High St, Melton, 9746 8733
- Mildura - Mildura Chemist Warehouse, 114A -118 Langtree Ave, Mildura, 5023 2383
- Reservoir - Reservoir Pharmacy 4 Less, Summerhill Shopping Centre, 27/850 Plenty Rd, Reservoir, 9471 0222
- Ringwood - Ringwood Chemist Warehouse, 131-133 Maroondah Hwy, Ringwood, 9870 5022
- Shepparton - Shepparton Chemist Warehouse, 425 Wyndham St, Shepparton, 5821 6000
- Traralgon - Traralgon Chemist Warehouse, 92 Franklin St, Traralgon, 5174 2003
- Wantirna South - Pharmacy@Knox, Shop 2081 Westfield Knox, 425 Burwood Hwy, Wantirna South, 9800 5199
- Yarraville - Carnovale Pharmacy, 149 Somerville Road, Yarraville, 9314 7557

To receive this document in another format, phone 1300 650 172, using the National Relay Service 13 36 77 if required. Or email Primary, Community and Oral Health Unit, Supercare Pharmacies<supercarepharmacies@health.vic.gov.au>.

Authorised and published by the Victorian Government, 1 Treasury Place, Melbourne.

© State of Victoria, Australia, Department of Health, December 2021.

Available at Better Health Channel <https://www.betterhealth.vic.gov.au/health/servicesandsupport/victorian-supercare-pharmacies>